# के.डी.न्यूज

सुलतानपुर से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

UPHIN 47497

वर्ष–01 अंक 08 सुल्तानपुर मंगलवार 12 नवम्बर 2024 मूल्य : दो रूपया पृष्ठ : 4


## बंटेंगे नहीं तो किसी माई के लाल की हिम्मत नहीं है कि वह काट सके..झारखण्ड में योगी ने फिर भरी हुंकार

संवाददातां

लखनऊ योगी ने साफ तौर पर कहा कि माफियाओं से निपटने के लिए ईमानदारी का जज्बा चाहिए। झारखण्ड ने तय कर लिया है, एकजुट होकर यहां की भ्रष्ट सरकार को बदलेंगे। हाल के दिनों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बटेंगे तो कटेंगे और एक है तो सेफ है जैसे नारों को लेकर जबरदस्त तरीके से सुर्खियों में हैं। इन सब के बीच आज योगी आदित्यनाथ ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के पक्ष में प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने फिर से जबरदस्त तरीके से हुंकार भरी और साफ तौर पर कहा कि अगर हम बटेंगे नहीं तो किसी भी माई के लाल की हिम्मत नहीं है कि वह काट सके। उन्होंने कहा कि झारखण्ड के डालटनगंज विधान सभा क्षेत्र की रामभक्त और राष्ट्रभक्त जनता–जनार्दन का असीम उत्साह बता रहा है कि यहां हर ओर सुशासन और समृद्धि का श्कमलश खिलने वाला है। योगी ने साफ तौर पर कहा कि माफियाओं से निपटने के लिए ईमानदारी का जज्बा चाहिए। झारखण्ड ने तय कर लिया है, एकजुट होकर यहां की भ्रष्ट सरकार को बदलेंगे। सत्तारुढ़ गठबंधन पर उन्होंने आरोप लगाया कि झारखण्ड की डेमोग्राफी चेंज की जा रही है, झारखण्ड के अंदर व्यापक पैमाने पर धर्मांतरण कराया जा रहा है। श्लव जिहादश और श्लैंड जिहादश के नाम पर अराजक गतिविधियों को पनपाया जा रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि झारखण्ड की रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा की गारंटी भारतीय जनता पार्टी है।भाजपा नेता ने कहा कि झारखण्ड को आज उसकी पहचान के लिए तरसना पड़ रहा है। कौन हैं यह लोग, जिन्होंने झारखण्ड की अस्मिता को संकट में डालने




का काम किया है! उन्होंने कहा कि श्लव जिहादश के नाम पर जनजातीय बेटियों के साथ जिस प्रकार धोखा हो रहा है। इसका जवाब केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी है। उन्होंने दावा किया कि जो नोट गरीबों के खाते में जाने चाहिए थे, वह झामुमो और इंडी गठबंधन से जुड़े लोगों के घरों में प्राप्त हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों में जो उत्साह, कांग्रेस, झामुमो और राजद गठबंधन की साजिश को नाकाम करने का जो जज्बा दिख रहा है।

## गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष पहुंचे सुल्तानपुर, परखी गौशाला की हकीकत।

सुल्तानपुर। बनारस से लखनऊ जाते समय रविवार सायं 07.00बजे सुल्तानपुर 400 केवी स्थित विश्राम कक्ष मे गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष यशस्वी श्याम बिहारी गुप्ता ने पशु चिकित्सा अधिकारी समेत गौ रक्षकों से मुलाकात कर गौशाला का निरीक्षण करप्राकृतिक खेती कर रहे किसानों को (फाइब –ई) के नये टिप्स भी दिए। जिले के पयागीपुर स्थित 400केवी विश्रामालय में पहुंचे गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के पहुंचने पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार तिवारी, उप पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सुधीर कुमार श्रीवास्तव के अलावा गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह, जिला संयोजक राकेश सिंह उर्फ दद्दू सहित दर्जनों कार्यकर्ताओ ने पुष्प पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान मौजूद गौ सेवकों व किसानों को गौशाला में मौजूद गौ आधारित खेती करने के लिए (पाच–ई) पांच फायदे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ष एक किसान, एक गाय अभियानष चलाकर लोगों की पांच जमीनी हकीकत से जुड़ने की जरूरत है, जिससे उनकी (फाइब–ई) और मजबूत होगी एंप्लॉयमेंट, एन्वायरनमेंट, इकोनामिक, एनर्जी, एजूकेशन जो प्रमुख हैं। इसके मजबूत होने से गौ सेवा करने को बढ़ावा मिलेगा तथा छुट्टा जानवर व निराश्रित गायों से पूरी तरह छुटकारा मिलेगा। अध्यक्ष श्री श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि प्राकृतिक खेती करने में

पशुपालकों को जो दूध के अलावा कई लाभ मिलते हैं उनमें भैंस के दूध की कीमत से अधिक गाय के दूध की कीमत होगी। किसान बायोगैस अपने घरों पर यदि लगवाए तो गोबर की खपत ज्यादा होगी, साथ ही साथ घर की रोशनी और घर के चूल्हे भी जलेंगे। जिले में गौ सेवा कर रहे गौ रक्षक से मुलाकात कर प्रसन्नता जाहिर करते हुए अध्यक्ष श्री श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि प्रदेश का वह पहला जिला सुल्तानपुर ही है जो एक मॉडल के रूप में अस्थाई हो रहा है। गौ सेवा में आने वाली समस्याओं को अध्यक्ष ने गंभीरता से सुना। प्रदेश प्रभारी सर्वेश सिंह ने गौ सेवा करने में मरहम पट्टी, दवा,खाद्यान , घायल गो वंश को गौशाला भिजवाने, भोजन पानी में आ रही जमीनी समस्याओं से अवगत कराया। उनके विचारों को संज्ञान में लेते हुए अध्यक्ष ने प्रदेश प्रभारी द्वारा किए जा रहे गोवंश की सेवा भाव को लेकर प्रसन्नता जाहिर किया और आने वाली समस्याओं को लेकर आस्वस्थ किया कि जल्द से जल्द इस समस्या का निस्तारण होगा। खास कर उन्होंने कहा कि जाने अनजाने में लोग अपने बच्चों को खाने में जहर दे रहे हैं। जब प्राकृतिक खेती होगी तो लोग निरोग रहेंगे गांव खुशहाल रहेगा और गांव खुशहाल रहेगा तो देश खुशहाल रहेगा। यह प्राकृतिक खेती करना बहुत ही आसान विधा है। एक किसान यदि एक गाय पलता है तो एक गाय प्रतिदिन 10 किलो गोबर 5 लीटर मूत्र का त्याग करती है। अगर इसमें 1 किलो बेसन 1 किलो गुड़, मेड वा बरगद के पेड़ के नीचे की 200 ग्राम मिट्टी, 200 लीटर पानी मिलाकर गर्मियों में दो से तीन दिन व ठंड में तीन से चार दिनों में काफी मात्रा में खाद तैयार की जा सकती है। इस खाद को खेतों में डालने से किसी भी प्रकार का कोई रोगी नहीं रहेगा, ऐसा रासायनिक तत्व अनाज, मानव और धरती के स्वास्थ के लिए लाभकारी होंगे। गोरक्षकों से मुलाकात के बाद गौ सेवा आयोग के प्रदेश अध्यक्ष श्री गुप्ता ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक तिवारी के साथ कोइरीपुर स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। अपने हाथों से गौ सेवा भी किया। निरीक्षण में साफ सफाई चारे, विद्युत की व्यवस्था सब सही पाया। इस अवसर पर उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुधीर कुमार श्रीवास्तव, पशु चिकित्सक डॉक्टर पीके सिंह, डॉक्टर पवन सिंह, डॉक्टर यसपी सिंह, इमलिया के श्री कृष्णा पांडे, विनोद पाल, नायब तहसीलदार कुड़वार, गौ रक्षक संगीता शुक्ला, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष विनय कुमार सिंह उर्फ बिन्नू, कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, कल्पवृक्ष सेवा समिति के दिलीप सिंह, मीडिया प्रभारी रवि दुबे, प्राकृतिक खेती के डॉक्टर आर आर सिंह, भाजपा के एनजीओ प्रकोष्ठ संयोजक अजय सिंह सहित तमाम गौ रक्षक उपस्थित रहे।



## जनपद के डा अभिषेक सोनी ने विदेशों में लहराया अपना परचम

सुलतानपुर – अगर इंसान को कुछ कर गुजरने की लालसा हो तो, कुछ भी असंभव नहीं होता है! इस बात को साबित किया शहर के दरियापुर निवासी अशोक सोनी के बड़े सुपुत्र डा अभिषेक सोनी ने, जो शुरू से ही पढाई में सबसे आगे रहा, और अपने माता पिता एवं गुरूजनो के मान सम्मान को सबसे पहले रखा, जिसका परिणाम यह है की आज डा अभिषेक सोनी कनाडा देश में यू बी सी में वैज्ञानिक के पद पर रहते हुए अपशिष्ट कार्बन डाई आक्साइड को ईंधन और शर्करा जैसे रसायनों मे परिवर्तित करने के लिए एक उपकरण का उपयोग किया, जो अपशिष्ट उष्मा को बिजली मे परिवर्तित करता है, जिसके परिणामस्वरूप भविष्य में उपनिवेशीकरण के लिए मंगल पर इसकी प्रयोज्यता को दर्शाता है! इसके अगले चरण में डा अभिषेक सोनी ने चटटानो से हाइड्रोजन उतपादन पर काम करने के लिए एक शोध के लिए वैज्ञानिक के तौर पर अमेरिका की सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी एम आई टी मे भी अपने रिसर्च को करने वाले है, जिसके तहत् ग्रीन हाइड्रोजन उतपादन और टिकाऊ अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए भारत देश में भी टाटा कंपनियों के साथ सहयोग करेंगे, इनके माता पिता और छोटे भाई अविनाश सोनी के साथ साथ हमारे शहर को डा अभिषेक सोनी पर गर्वित होना चाहिए! इनकी प्रारंभिक शिक्षा शहर के के एन आई सी और महर्षि स्कूल से रही है इसके बाद की पढ़ाई इसरो पुणे से करने के बाद सफलतापूर्वक इनहोंने हर परीक्षा हर कठिन प्रैक्टिकल परीक्षा को सरलता से पास करते हुए आगे निकलते गए, और आज विदेशों की रिसर्च संबंधित बड़ी परीक्षा में अववल रहे, माता सुमन सोनी के आशीर्वाद से बेटे ने बड़ी उपलब्धि हासिल की जिसकी सराहना शहर के गणमान्य जन करते आ रहे हैं।



## रामलीला कमेटी ने आयोजित किया भंडारा श्रद्धालुओं ने किया महाप्रसाद ग्रहण किया

चौरी चौरा गोरखपुर । क्षेत्र के बसडीला गांव में रामलीला के समापन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में ग्राम प्रधान विनय शुक्ला, भाजपा नेता राकेश त्रिपाठी, विनोद शुक्ला, अनिल शुक्ला, दीनानाथ सोमनाथ शुक्ला, रामदयाल शुक्ला, कृष्णमोहन शुक्ला, दीपक विष्णु शुक्ला, संतोष शुक्ला, मनोज पांडे, श्याम नारायण गिरीश, त्रियुगी, ध्रुव नारायण, श्रीकांत ज्ञानू शुक्ला, सुखराज वागीश शुक्ला और अवनीश बनारसी सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। इस आयोजन से क्षेत्रवासियों में धार्मिक एकता और सामाजिक सौहार्द्र का संदेश भी मिला।



## मन्दिर का ताला तोड़ की गई चोरी

सिद्धार्थनगर ।जनपद सिद्धार्थनगर के उसका ब्लाक के उचहरिया बाबू में मन्दिर का ताला तोड़कर की गई चोरी। चोरी के दौरान चोरों ने दानपेटी का ताला तोड़कर कुछ नगद भी ले गये। दुर्भाग्य की बात यह की ऐसी चोरीयां आये दिन होती रहती हैं। सोहास बुथ के इंचार्ज चौन की नींद में सोते रहते हैं जहां प्रशासन अवैध और भ्रष्टाचार को लेकर सत्ते में है। वहीं पुलिस विभाग की लापरवाही का बड़ा कारनामा समाने आ रहा। सोहास चौकी इंचार्ज गस्ती के नाम पर मस्ती करते और खाना खाकर सो जाते हैं इसी वजह से चोरियों का नया–नया कारनामा सामने आ रहा है।

## दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार

हाटा बाजार गोरखपुर ।गगहा पुलिस सोमवार को गोबरहियां मोड़ के समीप से दहेज हत्या के आरोपी व 5000 हजार का ईनामिया को गिरफ्तार कर जेल भेजने का दावा किया है। पकड़ा गया आरोपी गगहा क्षेत्र के बेलकुर गांव का निवासी है। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया युवक तीन वर्ष पहले दहेज के लिए पत्नी वंदना की हत्या का अभियुक्त है। वह तभी से फरार चल रहा था। इस मामले में मृतका की मां कुसुम देवी पत्नी मिठाई लाल बासगांव थाना क्षेत्र के लालपुर ने बेलकुर निवासी प्रदुम्न पुत्र सुरेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

## कैम्पियरगंज ब्लाक मुख्यालय पर 13 नवंबर बुधवार को लगेगा रोजगार मेला

### हाईस्कूल से लेकर परास्नातक बेरोजगार महिला –पुरुष युवाओं को मिलेगा मौका

### कई कम्पनियां अच्छे पैकेज की मेले में देंगी रोजगार

कैम्पियरगंज गोरखपुर ब्लाक मुख्यालय परिसर में 13 नवम्बर बुधवार को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी गोरखपुर ने पत्र जारी कर बीडीओ कैम्पियरगंज को मेले को लेकर प्रचार प्रसार एवं सुदृढ़ ब्यवस्था करने का निर्देश दिया है। सहायक निदेशक सेवा योजन गोरखपुर मण्डल रासबिहारी चतुर्वेदी ने बताया कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिससे लाखों बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। रोजगार मेले के आयोजन को लेकर बीडीओ कैम्पियरगंज सुप्रिया त्रिपाठी ने बताया कि मेले का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है जिससे अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार मेले का लाभ मिल सके। उन्होंने क्षेत्र के सभी बेरोजगार महिला पुरुष युवाओं का आह्वान किया है कि वे रोजगार मेले के सम्बन्ध में अपने शिक्षण प्रशिक्षण (टेक्निकल) एवं अन्य अहर्ताएं रखने वाले अपने प्रमाण पत्र के साथ अपना पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि रोजगार मेला परिसर में सुबह साढ़े दस बजे से शुरू हो कर अपराह्न 4 बजे तक चलेगा।

## धूमधाम से मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह

### शक्षा ही सर्वांगीण विकास की आधारशिला – सहजानंद राय

बनकटा देवरिया। बनकटा विकास खण्ड क्षेत्र के रतसिया स्थित बब्बन सिंह शिक्षण संस्थान का 66वें वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने कहा कि शिक्षा किसी भी व्यक्ति, परिवार, समाज व क्षेत्र के विकास की आधारशिला है। उन्होंने शिक्षा के व्यवसायीकरण पर चिंता जताते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य समाज व देश के विकास के लिए होना चाहिए। उन्होंने बब्बन सिंह शिक्षण संस्थान रतसिया के स्थापना से लेकर आज तक के इस लंबे सफर और ऊंचाइयों की सराहना करते हुए कहा कि कभी यह क्षेत्र अति पिछड़ा क्षेत्र कहलाता था जो आज यहां के अनेकानेक छात्र छात्राओं को शिक्षा देकर बुलंदियों पर पहुंचाने का कार्य किया है। इसके लिए डॉ0 तेजप्रताप सिंह और उनका परिवार बधाई के पात्र है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा देवरिया के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने विद्यालय के शिक्षा के क्षेत्र में योगदान की जमकर सराहना की। छात्रों के अभिभावकगण व क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम को देखने के लिए

## सड़क मरम्मत की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया धरना प्रदर्शन

बेलघाट गोरखपुर ।बेलघाट थाना क्षेत्र गोरखपुर जनपद के बेलघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला बेलघाट – कुरी मार्ग जर्जर अवस्था में पहुँच चुका है। सड़क पर गड्ढों की भरमार है और बारिश के मौसम में यह समस्या और भी विकट हो जाती है। इस मार्ग की दुर्दशा के चलते स्थानीय लोगों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों की खराब स्थिति के कारण वाहनों का आवागमन भी बाधित हो गया है, जिससे न केवल लोग घायल हो रहे हैं, बल्कि समय की भी हानि हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग की मरम्मत के लिए उन्होंने कई बार प्रशासन से गुहार लगाई है, परंतु अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। सड़क मरम्मत की मांग को लेकर ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन भी किया, ताकि प्रशासन की नजर इस समस्या पर पड़े। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्दी मरम्मत का काम नहीं शुरू हुआ, तो वे उग्र प्रदर्शन करेंगे और आवश्यक रूप से जिला प्रशासन के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराएंगे। इस मुद्दे पर प्रशासनिक अधिकारी फिलहाल कोई प्रतिक्रिया देने से बच रहे हैं।



## टैक्सी चालकों ने स्टैंड ठेकेदारों के मनमानी वसूली के खिलाफ डीएम को दिया ज्ञापन

सुलतानपुर – ग्रामीणचल से चलकर नगर पहुंचते ही टैक्सी स्टैंड द्वारा अवैध वसूली के खिलाफ लामबंद हुए टैक्सी चालक,डीएम कार्यालय पहुंचकर किया जमकर नारेबाजी साथ में दिया ज्ञापन,अवैध ढंग से वसूली होने पर परेशान होकर दिया ज्ञापन,समस्या का निदान न होने पर जिले में चक्का जाम करने की दी नसीहत।



## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक सम्पन्न ।

सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षा सुल्तानपुर के समस्त ब्लाकध जनपदीय पदाधिकारियों की बैठक सिरवारा रोड स्थित शिक्षक संघ भवन पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कार्यालय वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा में व्याप्त शिक्षकों के अवशिष्ट देयकों के भुगतान में पारदर्शिता न रखने, अनियमितता को को बढ़ावा देने



की बातों को सभी विकास क्षेत्र के पदाधिकारियों ने प्रमुख रूप से उठाया जिला अध्यक्ष ने कहा कि विकास क्षेत्र से सभी लिखित रूप से अवगत कराएं कि किस शिक्षक का अवशिष्ट देयकों का भुगतान नहीं हुआ है जिससे वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा से वार्ता कर भुगतान कराया जा सके। जिला मंत्री दिनेश उपाध्याय ने कहा कि शिक्षकों के देयकों के समयबद्ध व पारदर्शिता पूर्ण भुगतान के लिए संगठन कटिबद्ध है। जिला उपाध्यक्ष एवं दूबेपुर के अध्यक्ष रमेश तिवारी ने बताया कि संगठन की मजबूती शिक्षकों के कार्यों को कराकर उन्हें जोड़ने से होती है।जिला मीडिया प्रभारी रणवीर सिंह ने संगठन की सदस्यता व जनपदीय शिक्षक संघ का त्रैवार्षिक निर्वाचन कराने का मामला उठाया जिस पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि दिसम्बर 2024में शिक्षिको की डेलीगेट सूची प्रकाशित कराई जाएगी तथा निर्वाचन फरवरी 2025 के प्रथम सप्ताह में प्रदेश से डेलीगेट सूची का अनुमोदन कराकर निर्वाचन कराया जाएगा। संयुक्त मंत्री विनय प्रजापति ने कहा कि शिक्षकों के एक दिन के वेतन कटौती का बी ई ओ की आख्या बीएसए को प्रेषित करते हुए वेतन बहाली कराया जाए।इस मौके पर माण्डलिक मंत्री शमीम अहमद जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम मौर्य अरुण सिंह विनोद शर्मा देशराज के सी मिश्रा हीरालाल यादव चंद्रपाल राजभर विनय प्रजापति फिरोज अहमद शिवकुमार मौर्य मनोज मौर्य सुरेश चंद्र सिंह राम आशीष मौर्य श्रीपाल यादव सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## के.आई.पी.एम में तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का समापन

सहजनवा गोरखपुर ।के.आई.पी.एम कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, गीडा गोरखपुर के प्रांगड़ में उत्तरप्रदेश एवं उत्तराखंड इकोनामिक एसोसिएशन के तीन दिवसीय (दिनांक 9 से 11 नवम्बर 2024 तक) 20वें वार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य भारतीय लोकतंत्र के अमृत काल में राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था मे बिजनेस मैनेजमेंट को समावेश करते हुए 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की प्राप्ति के मार्ग को प्रशस्त करना है।उपरोक्त तीन दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस में आए हुए सभी प्रोफेसर रिसर्च स्कॉलर एवं छात्र–छात्राओं को मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अतिथियों द्वारा नेशनल कांफ्रेंस का प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि हरिओम शर्मा जी ने अपने उद्बवोदन में कहा कि इस राष्ट्रीय अधिवेशन के आयोजन से भारत देश की अर्थव्यवस्था को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बेहतर स्थान दिलाने के लिए आवश्यक नीति, योजनाएं और प्रबंधन समाधानों पर विचार करना हैस विशिष्ट अतिथि जय मंगल राव ने अपने उद्बवोदन में कहा कि यह कार्यक्रम भारतीय समाज की समृद्धि, समावेशी विकास और सतत वृद्धि के लिए नई दिशा और मार्गदर्शन प्रदान करेगा सउपरोक्त कार्यक्रम में डॉ दीपक श्रीवास्तव, डॉ संजय गुप्ता, डॉ धीरेंद्र बहादुर सिंह, श्री अनुराग त्रिपाठी, अनिल कुमार यादव, देवेन्द्र गुप्ता, पी के पांडेय, अनूप माथुर, निशा पांडे, साक्षी श्रीवास्तव, आकृति तिवारी, सावित्री यादव, राज लक्ष्मी, आकृति सिंह, राहुल यादव, कृष्णा जायसवाल, अनुराधा राय, ममता यादव, श्रुति श्रीवास्तव, प्रिया चतुर्वेदी, कृष्णा जायसवाल, ऋषिकेश त्रिपाठी, रामू पांडे, योगेन्द्र यादव इत्यादि ने विशेष सहयोग दिया।



